बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय
विकास भवन, नया सचिवालय, पटना-15

हमारा बिहार

बिहार सरकार

पत्रांक– 102 नि०/प०ग० (ज०शि० डैश बोर्ड) 01/2024 (खण्ड) .... **दिनांक–** ..../2026

प्रेषक

डॉ० सुनील कुमार ठाकुर,
संयुक्त निदेशक (पशु स्वा०)।

सेवा में

सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार।
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार।

विषय :– प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को निर्धारित जनसुनवाई/लोगों से मिलने के कार्यक्रम संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– मंत्रिमंडल सचिवालय का पत्रांक 83 दिनांक 09.01.2026 एवं पशुपालन निदेशालय का आदेश ज्ञापांक 03 (निदे० को०) दिनांक 19.01.2026

महाशय

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र/आदेश के आलोक में प्रत्येक सप्ताह के दो कार्यदिवस –सोमवार एवं शुक्रवार को निर्धारित जनसुनवाई/लोगों से मिलने के कार्यक्रम हेतु एक रजिस्टर/पंजी का संधारण किया जाना है, जिनमें प्रत्येक जनसुनवाई में प्राप्त कुल शिकायत, शिकायत की प्रकृति, उनका निस्तारण (प्रतिवेदन सहित), निस्तारित की गई शिकायत की संख्या एवं शेष लंबित शिकायत को अंकित कर पशुपालन निदेशालय को प्रतिवेदित किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि प्रासंगिक पत्र/आदेश में निहित निदेशों का अनुपालन करते हुए प्रत्येक सप्ताह के दो कार्यदिवस–सोमवार एवं शुक्रवार को निर्धारित जनसुनवाई/लोगों से मिलने के कार्यक्रम का नियमित रूप से आयोजन किया जाए तथा संलग्न विहित प्रपत्र में नियमित रूप से (कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात् अगले कार्यदिवस तक) प्रतिवेदन पशुपालन निदेशालय को (ई–मेल dirahdbih@gmail.com/ ahdapdabih@gmail.com पर) उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

ह०/–
संयुक्त निदेशक (पशु स्वा०)।

ज्ञापांक– 102 नि०/प०ग० (ज०शि० डैश बोर्ड) 01/2024 (खण्ड).................... **दिनांक–** ..../2026

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी, आपदा नियंत्रण कक्ष, पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करते हुए निदेशित किया जाता है कि सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए समेकित प्रतिवेदन नियमित रूप से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाए।

ह०/–
संयुक्त निदेशक (पशु स्वा०)।

दूरभाष संख्या: 0612-2215962 **ई-मेल:** dirahd-bih@nic.in **वेबसाइट:** state.bihar.gov.in/ahd

बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन निदेशालय

विकास भवन, नया सचिवालय, पटना-15

बिहार सरकार

ज्ञापांक– 10 नि०/प०ग० (ज०शि० डैश बोर्ड) 01/2024 (खण्ड)....301.... दिनांक– ....22/01..../2026

प्रतिलिपि :– आई० टी० मैनेजर, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई (सभी संबंधितों को ई–मेल करने एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने) हेतु प्रेषित।

22/01/26

संयुक्त निदेशक (पशु स्वा०)।

दूरभाष संख्या: 0612-2215962 **ई-मेल:** dirahd-bih@nic.in **वेबसाइट:** state.bihar.gov.in/ahd

पशुपालन निदेशालय, बिहार के अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों के द्वारा प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को निर्धारित "जनसुनवाई/ लोगों से मिलने के कार्यक्रम" संबंधी प्रतिवेदन

जिला/कार्यालय का नाम :– ....

जनसुनवाई/लोगों से मिलने के कार्यक्रम की तिथि – ..../............/2026 (सोमवार/शुक्रवार)

प्राप्त कुल शिकायतों की संख्या	शिकायत की प्रकृति	शिकायत का निस्तारण (प्रतिवेदन सहित)	निस्तारित की गई शिकायतों की संख्या	शेष लंबित शिकायतों की संख्या	अभ्युक्ति

कार्यालय प्रधान का हस्ताक्षर/पदनाम।

ज्ञापांक – ..../दिनांक–../2026

प्रतिलिपि :– निदेशक, पशुपालन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कार्यालय प्रधान का हस्ताक्षर/पदनाम।